




# मोटर साइकिल चोर गिरोह लगा पुलिस के हाथ, 12 मोटर साइकिल बरामद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, सिटी कोतवाली पुलिस एवं सायबर क्राइम टीम के द्वारा शहर में हो रही मोटर साइकल चोरी की घटनाओं का खुलासा किया गया और मोटर साइकल चोरी करनें वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा कर उनके कब्जे से चोरी की 12 मोटर साइकल बरामद की गई.**

मुखबिर से सूचना मिली कि सिटी कोतवाली के मामले में फरार आरोपी अंसार शाह उर्फ बुग्गू निवासी लखौरीबाग अपने एक अन्य साथी के साथ चोरी की मोटर सायकल से लखौरीबाग राधा मंदिर के पास घूम रहा है, जिसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस की टीम एवं सायबर टीम के साथ मिलकर फरार आरोपी अंसार शाह उर्फ बुग्गू सहित उसके साथी ऋशीराज चौधरी निवासी निपनिया को पकड़ा गया तो उनके कब्जे से चोरी की 5 दो पहिया वाहनों को जप्त किया गया. पूछताछ मे आरोपी अंसार शाह उर्फ बुग्गू द्वारा रीवा के विभिन्न स्थानो सहित अन्य जिलो से चोरी की गई मोटर सायकल को अपने अन्य साथी विक्रम विश्वकर्मा, शाबिर खान निवासी रायपुर कर्चुलियान को देना बताया. पुलिस टीम द्वारा रायपुर कर्चुलियान से आरोपी विक्रम विश्वकर्मा और शाबिर खान को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिनके कब्जे से 5 नग मोटर सायकल जप्त किया गया.

आरोपी अंसार शाह उर्फ बुग्गू द्वारा अपने अन्य साथी सकील खान निवासी गोविन्दगढ को भी चोरी की मोटर सायकल देना बताया. पुलिस टीम द्वारा गोबिन्दगढ से 2 मोटर सायकल जप्त किया गया. मुख्य सरगना अंसार शाह उर्फ बुग्गू के अन्य चार साथी को गिरफ्तार कर चोरी की दर्जन भर बाइक बरामद की गई.

# शहर में लगने वाला जाम वाहन चालकों के लिए बना मुसीबत

## ऑटो और ठेले बन रहे जाम का मुख्य कारण, सड़कों पर नहीं दिखती यातायात पुलिस, वाहन चालक होते हैं परेशान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, शहर में लगने वाला जाम लोगो के लिये मुसीबत बनता जा रहा है. ऐसा कोई मुख्य मार्ग नही जहा जाम की स्थित न बनती हो. जिसमें फसकर वाहन चालक यातायात पुलिस और प्रशासन को कोसते नजर आते है. बाजारो में खरीददारी करने निकले लोग घंटो जाम में फसे रहते है और खुद ही निकलने की कोशिश करते रहते है.**

शहर के मुख्य मार्ग जैसे धोबिया टंकी, अस्पताल चौराहा, सिरमौर चौराहा, अमहिया मार्ग, स्टेच्यू चौराहा, खन्ना चौराहा, बस स्टैण्ड में आये दिन जाम की स्थित निर्मित हो रही है. लेकिन यातायात पुलिस के जवान चौराहो में जाम खुलवाते नजर नही आते है. कहने को तो



यातायात थाने में बल की कमी है, लेकिन जो है भी वह चौराहो पर नजर नही आते. हां यह जरूर है कि वाहन चेकिंग के दौरान यह दिख जाते है. यातायात पुलिस को शहर में लगने वाले जाम से ज्यादा वाहन चेकिंग में देखा जा सकता है या फिर बाईपास में भी दिख जाती है. जिससे लोगो में भी यह चर्चा रहती है कि जाम नही खुलवाते और चेकिंग में वसूली करने आ जाते है. इस समय बाजार में खरीददारी करने वालो की अच्छी भीड़ देखी जा रही है. जिससे शहर में वाहनो का भी दबाव बन जाता है. जिसकी वजह से चौराहो और मुख्य बाजार में जाम की स्थित निर्मित हो जाती है. लोग घंटो जाम में फसे रहते है और खुद ही मसक्कत कर निकलने की कोशिश करते रहते है. जाम का मुख्य कारण सड़को पर लग रहे ठेले और आटो चालक भी बन रहे है. ठेले वालो पूरी सड़क पर अपने ठेलों को खड़ा किये रहते है तो वही आटो चालक भी बीच सड़क पर ही वाहन रोक कर सवारी बैठाने और उतारने लगते है. जिसके चलते सबसे ज्यादा जाम की समस्या बन रही है. अगर कोई वाहन चालक आटो चालको का विरोध करता है तो वह एकजुट होकर विवाद पर उतारू हो जाते है. जिससे आये दिन विवाद की भी स्थित बनी रहती है.

### घंटों जाम में फंसी रही एम्बुलेंस

शहर में लगने वाले जामों में वाहन चालको के साथ एम्बुलेंस भी फस रही है. बुधवार को खन्ना चौराहे में घंटो जाम की स्थित बनी रही. चौराहा होने के कारण चारो तरफ से वाहनो की आवाजाही होती है. दोपहर लगभग 1.30 बजे के आसपास देखते ही देखते वाहनों की लम्बी कतार लग गई. जिसमें एक एम्बुलेंस भी फस रही, घंटो एम्बुलेंस का चालक सायरन मारते निकलने की कोशिश करता रहा लेकिन जाम ऐसा कि बाइक निकलना मुश्किल हो रहा था. वही खरीददारी करने बाइक से बाजार पहुंचे रवि कुशवाहा ने बताया कि खरीददारी तो हो गई, वापस घर जा रहा हूं. लेकिन घंटो से इस जाम में फसे है. यातायात पुलिस के जवान नजर नही आ रहे है, जिससे वाहन चालक परेशान है.

# पूर्व सैनिक ने पुलिस अधीक्षक से लगाई सुरक्षा की गुहार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, रीवा में पूर्व सैनिक ने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है.**

पूर्व सैनिक सहित उनकी पत्नी नें गांव के प्रधान पुत्रों से जान का खतरा बताया है और स्थानीय थाने की पुलिस पर प्रधान पुत्रों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है. एसपी कार्यालय पहुंचे पूर्व सैनिक नें प्रधान पुत्रों पर कार्यावाही सहित संरक्षण देने वाले थाना प्रभारी को हटाने की मांग की है. दरअसल मामला जिले के जनेह थाना क्षेत्र ग्राम डोडकिया का है. पूर्व सैनिक पवन कुमार ओझा ने जानकारी देते हुये बताया कि उनके द्वारा गांव की प्रधान से घर के सामने की नाली को साफ कराने की बात कही थी. इस बात को लेकर प्रधान के पुत्रों सहित अन्य लोगों ने पहले उनके घर में घुसकर हमला किया, जिस दौरान उनके पुत्र और पुत्री सहित पत्नी से मारपीट की गई, वहीं बीते दिवस शंकरगढ़ से लौटते वक्त उनकी कार पर हमला किया गया. पूर्व सैनिक का आरोप है कि प्रधान पुत्रों को स्थानीय थाना प्रभारी का संरक्षण प्राप्त है, जिनके द्वारा शिकायत को वापस लेने का दबाव बनाने सहित काउंटर मामला दर्ज किया गया. फिलहाल पूर्व सैनिक नें आज परिवार सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रधान पुत्रों से जान का खतरा बताते हुये सुरक्षा की मांग की है, साथ ही थाना प्रभारी को भी हटाने की भी मांग की. अगर कोई घटना घटती है तो जिम्मेदार पुलिस होगी.

# आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, शासकीय आईटीआई रीवा में 20 नवम्बर को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है.**

आईटीआई के प्राचार्य ने बताया कि होंडा मोटरसाइकिल स्कूटर प्राइवेट लिमिटेड कोलार कर्नाटक द्वारा असेंबली आपरेटर क्वालिटी इंस्पेक्टर पद के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है. संस्था द्वारा संबंधित पद के लिए प्रशिक्षणार्थी का चयन किए जाने पर उसे 18525 रुपए मानदेय और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. इसमें 18 से 23 वर्ष की आयु के सभी आईटीआई पास प्रशिक्षणार्थी महिला एवं पुरूष भाग ले सकते हैं. प्रशिक्षणार्थी इंटरव्यू में शामिल होने के लिए आवश्यक दस्तावेज और पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ अवश्य लाएं.

## संक्षिप्त

### लेखा प्रशिक्षण का सत्र एक दिसम्बर से

**रीवा,** लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र एक दिसम्बर से 15 फरवरी 2026 तक प्रारंभ हो रहा है. लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 25 नवम्बर से तक स्वीकार किए जाएंगे. अर्द्धशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को दो हजार रुपए का चालान संबंधित शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएं 800 अन्य प्राप्तियाँ 00-101-0000-00 में जमा कर आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करना होगा. इस प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्गीय कर्मचारी सम्मिलित हो सकेंगे जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष या इससे अधिक हो. साथ ही वह मध्यप्रदेशा शासन के वित्त विभाग के नवीन विभागीय परीक्षाओं की व्यवस्था विषयक आदेश के अनुसार पात्र हों. लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतन वृद्धि के सबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी नियम और निर्देश मान्य होंगे.

### तीर्थदर्शन ट्रेन 23 को जाएगी रामेश्वरम और मदुरई

**रीवा,** शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है. इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 23 नवम्बर को रामेश्वरम और मदुरई की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है. इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 23 नवम्बर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी. यह ट्रेन 29 नवम्बर को वापस लौटेगी. इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ सतना के 200, सीधी 179 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी. त्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की नि:शुल्क सुविधा दी जाएगी. सभी तीर्थयात्री अपने साथ मौसम के अनुकूल कपड़े, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री तथा दवाएं अपने साथ रखें. तीर्थयात्रा के लिए आवेदन करने की अवधि 9 नवम्बर तक थी.

### निर्वाचन आयोग ने की एसआईआर की समीक्षा

**रीवा,** भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना और सचिव विनोद कुमार ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलेवार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की जिलेवार समीक्षा की. अधिकारियों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति का मूल्यांकन किया और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा हो जाए. उन्होंने मतदाताओं के शत-प्रतिशत सत्यापन और मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों, स्थाई रूप से पलायन करने वाले और डुप्लीकेट नामों को हटाने पर ज़ोर दिया. निदेशक द्वारा पुनरीक्षण से जुड़े अधिकारियों को त्रुटिरहित और पारदर्शी मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए. समीक्षा के दौरान कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा एसडीएम उपस्थित रहे.

### शोभायात्रा आज निकलेगी

**रीवा,** गड्ड़ी रोड स्थित खजुहा धाम मिथिला बिहारी कुंज से 20 नवम्बर को प्रात: 11:00 बजे ध्वज पताका के साथ सीताराम विवाह उत्सव पोड़ी धाम के लिए भव्य शोभा यात्रा निकलेगी. शोभा यात्रा का मार्ग मिथिला बिहारी कुंज खजुहा से रवाना होगा जो कनौजा लक्ष्मणपुर, कोठी, महाजन टोला, पीटीएस चौराहा, धोबियाटंकी, शिल्पी प्लाजा होते हुए मानस भवन तिराहा गायत्री मंदिर कलेक्ट्रेट पुराना बस स्टैंड होते हुए अहिरगांव से पोड़ी धाम पहुंचेगी. ज्ञात हो कि उक्त समैया का कार्यक्रम पंचरसचार्य स्वामी श्रीमद् रामहर्षण देवाचार्य महाराज की जन्मस्थली पौड़ी धाम में प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है जहां देश के कोने-कोने से भक्तगण शिष्य,साधु संत श्रद्धा भाव से आनंद उठाते हैं पूरे 5 दिन दिव्य झांकियों के माध्यम से कार्यक्रम उत्साहमय, वातावरण में संपन्न होता है. भक्तो के ठहरने व भोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था आश्रम की ओर से की जाती है. इस यात्रा में श्रद्धालु भक्त सहित वाहनों के काफिले के साथ रथ में दिव्य ठाकुर जी की झांकी का दर्शन होगा इस अवसर पर श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य वल्लभाचार्य महाराज पीठाधीश्वर रामहर्षणम् चारुशीला मंदिर अयोध्या धाम सहित अनेक साधु संत विराजमान रहेंगे. महाराज ने समस्त श्रद्धालु भक्तों धर्म प्रेमियों से इस पावन अवसर का लाभ लेने का आग्रह किया है.



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण करते महापौर अजय मिश्रा व अन्य

# परिवहन विभाग ने मॉडिफाइड वाहनों पर की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, अवैध रूप से मॉडिफाइड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत परिवहन विभाग ने लगातार दूसरे दिन भी बड़ी कार्रवाई की.**



बुधवार को सिरमौर चौराहा, टीआरएस चौराहा और स्टेडियम रोड के पास सड़क किनारे दुकानें खोलकर व्यवसाय कर रहे तीन मॉडिफाइड वाहनों को जप्त कर परिवहन कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया. परिवहन विभाग की टीम ने इन वाहनों में किए गए अवैध मॉडिफिकेशन के लिए चालानी कार्रवाई की. जब्त वाहनों में एक ई-रिक्शा और दो अन्य मॉडिफाइड वाहन शामिल हैं, जिन्हें सामान बेचने के लिए दुकान के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था. परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर रीवा के निर्देश पर शहर में अवैध मॉडिफाइड वाहनों और अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा. कार्यवाही के दौरान कई मॉडिफाइड वाहनों के चालक अपने वाहनों को लेकर भागते भी नजर आए. पिछले 24 घंटे में अब तक 7 वाहनों पर कार्रवाई हो चुकी है और आगे भी सख्ती बरती जाएगी.

# इंदिरा जी एक निर्भीक तथा त्वरित निर्णय लेने की क्षमता वाली प्रशासक थी : बाबा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीया श्रीमती इंदिरा गांधी की 108 वीं जयंती तथा प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के जन्मदिन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

संगोष्ठी का आयोजन शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू की अध्यक्षता एवं रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा के विशिष्ठ आतिथ्य मे उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय में किया गया. संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अजय मिश्रा बाबा ने इंदिरा जी को गरीबों, दलितों, शोषितों, पीड़ितो का मसीहा निरूपित किया. उन्होने कहा कि देश से गरीबी का उन्मूलन करने के लिए उन्होने अनेको योजनाएं चलाई जिनसे शोषित, पीड़ितो की गरीबी दूर करने मे बहुत मदद मिली. वह एक निर्भीक तथा त्वरित निर्णय लेने की क्षमता वाली प्रशासक थी, पाकिस्तान को दो टुकड़ो मे विभक्त कर बांगलादेश को अलग राष्ट्र की मान्यता दिलाकर विश्व मे उन्होने अपना लोहा मनवा लिया. संगोष्ठी का संचालन सत्यनारायण तिवारी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल ने किया. इस अवसर पर शिव प्रसाद प्रधान, लखनलाल खण्डेलवाल, सीमा सिंह, मोहम्मद रफीक अंसारी, मुस्तहाक खान, तारा त्रिपाठी, इन्द्रमणि सिंह, प्रवीण पाण्डेय, डॉ अशोक चतुर्वेदी, शिवेन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र सिंह तिवारी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, अखिलेश द्विवेदी काकू, जीतेन्द्र सिंह, राजेश मिश्रा बब्बू, डॉ विमल दुबे, जी पी त्रिपाठी, भगवान सिंह तिवारी, लल्लन खान, धनेन्द्र सिंह बघेल, लियाकत अली, अमित चतुर्वेदी, राजेन्द्र तिवारी, ममता सिंह परिहार, सुरेश वर्मा, प्रदीप अमित अग्निहोत्री मौजूद रहे.

# अमानक आयुर्वेद औषधियों के विक्रय पर प्रतिबंध

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, जिला आयुष अधिकारी डॉ शारदा मिश्रा ने बताया कि अमानक आयुर्वेद औषधियों की अनुज्ञप्ति निरस्त करके इनके विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है.**

यह प्रतिबंध कार्यालय औषधि नियंत्रक एवं संचालनालय आयुष द्वारा दिए गए निर्देश पर लगाया गया है. दतिया जिले के निर्माणशाला शर्मायु जैन्यून आयुर्वेद श्री शर्मा आयुर्वेद मंदिर सिविल लाइन की औषधि गिलोय सत्व और कामदुग्धा रस के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है. डाबर इंडिया लिमिटेड साहिबाबाद उत्तरप्रदेश की औषधि कफ कुठार तथा लक्ष्मी विलास रस के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है. श्री धनवंतरी हर्बल्ला किशनपुरा जिला सोलन की औषधि प्रवाल पिष्टी और मुक्ति पिष्टी के विक्रय पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है.

# एक साल से फरार 2 हजार का इनामी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज


**रीवा, 19 नवम्बर, रीवा की सिरमौर थाना पुलिस ने 1 साल से फरार चल रहे 2 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है.**

आरोपी के विरुद्ध थाने में मारपीट का अपराध दर्ज था, जिस पर आरोपी बीते 1 साल से पुलिस को चकमा देकर फरार रहा था. मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी के घर में दबिश दी और गिरफ्तार कर लिया. कार्रवाई के संबंध में थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 वर्ष पूर्व फरियादी केमल कोल के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि, आरोपी गुड्डू कोल द्वारा शराब पीने के लिए पैसे ना देने पर मारपीट की गई है. मामले में फरियादी की शिकायत पर दर्ज अपराध के बाद आरोपी बीते 1 साल से लगातार फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस अधीक्षक रीवा के द्वारा 2 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था. इधर लगातार चल रही तलाश के बीच मुखबिर की सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है.

# आरक्षकों के जंगल कैंप का पौधरोपण के साथ समापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में 93वां नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के बाह्य प्रशिक्षण में गोविंदगढ़ के जंगल में 460 प्रशिक्षु नवआरक्षकों का सात दिवसीय जंगल कैंप के सांस्कृतिक एवं समापन समारोह संपन्न हुआ.**



जंगल कैंप के सातवें दिन समापन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसके मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन व अध्यक्ष उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा थे. मुख्य अतिथि के समक्ष प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये. जिनमें देशभक्ति गाने, नृत्य, नाटक, लाठी और कलाबाजियां भी शामिल है. इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने भी प्रशिक्षणार्थियों के उत्साह वर्धन हेतु एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया एवं जंगल को हरा भरा रखने एवं प्रकृति के संरक्षण हेतु हर प्रशिक्षु आरक्षक के द्वारा एक-एक वृक्ष का रोपण जंगल में करवाया गया. इस जंगल कैंप के दौरान इन प्रशिक्षु नव आरक्षकों को रेड, एंबुश, गांव का घेरा, सर्चिंग कांबिंग, फायरिंग, बलवा, अश्रु गैस के सेल की जानकारी, आसपास के लैंड सर्किल की जानकारी, चीजें नजर आने के सिद्धांत, फासले का अनुमान लगाना, कैमोफ्लाइज- छलवेश, छुपाव, नाइट नेवीगेशन,फील्ड सिग्नल, फायर कंट्रोल ऑर्डर डेमो की जानकारी दी गई.

# शासकीय आईटीआई रोजगार मेले में 494 युवाओं को मिला रोजगार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है.**

शासकीय आई.टी.आई. रीवा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में 759 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 25 कंपनियों ने 494 युवाओं का चयन किया. रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रान प्रा. लि. इंदौर में 34, एमआरएफ टायर्स भारूच गुजरात में 8, टाटा इलेक्ट्रानिक्स बैंगलौर में 12, टाटा मोटर्स प्रा. लि. सानन्द अहमदाबाद गुजरात में 15, हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. रंजनगांव पुणे में 18, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 19, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ में 8, सिटी कार प्रा.लि. सतना में 29, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा में 28, फ्रिडम इम्प्लायबिल्टी एकेडमी रीवा में 12, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा में 45, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा में 27, बजाज ऑटो लि. पूणे वालुज पंतनगर, रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (सोलर) जामनगर गुजरात में 12, एमआरएफ लिमिटेड दहेज में 16, इंडुरेंश प्रा. लि. पूणे चेन्नई औरगांबाद में 17, डी मार्ट पूणे में 14, इंडसिंड बैंक बीएफएलएल में 05, एक्सिस बैंक प्रा.लि. में 30, बंसल वायर इंडस्ट्रीज लि. ग्रेटर में 11, जेबीएम ग्रीन एनर्जी सिस्टम प्रा.लि. बाबल हरियाणा में 10, एचडीबी फाइनेन्स रीवा में 28, मदर्सन मेट आटो मोटिव लि. सानन्द गुजरात में 21, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान में 24 तथा नोवेशन इंडिया में 8 युवाओं का चयन किया गया. रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### चाय की दुकानों में आसमाजिक तत्वों का जमघट

**रीवा, 19 नवम्बर,** शहर में संचालित चाय दुकानों में इस समय आसमाजिक तत्वों का जमघट लग रहा है. सिरमौर चौराहा के आसपास नामी ब्रांडो की फ्रेंचाइजी लेकर चाय की दुकाने संचालित है जहा सुबह से लेकर देर शाम तक आसमाजिक तत्वों की भीड़ लगी रहती है. यही वजह है कि यहा नशा करने के बाद युवक एकत्रित होते है और विवाद होता है.